प्रेषक,

सरला दत्ता,
अपर प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय
बलिया।

सेवा में

श्रीमान, महानिबन्धक
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा

श्रीमान प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय
बलिया।

विषय:– **जनपद बलिया से प्रीमच्योर स्थानान्तरण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबंध में सादर निवेदन है कि प्रार्थीया जनपद बलिया में अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय के पद पर नियुक्त है। प्रार्थीया के दो बच्चे है। पुत्री ईरा मणि दत्ता P.D. Model Secondary School, Delhi से 12 वी कक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त दिल्ली में ही रहकर J.E.E. Competition की कोचिंग ले रही है तथा पुत्र अभिप्राय दत्ता कक्षा 12 में बी.एस. इन्टरनेशनल स्कूल दिल्ली में पढ़ रहा है। जनपद बलिया से दिल्ली के बीच की दूरी लगभग 979 किलोमीटर है। इतनी अधिक दूरी होने के कारण प्रार्थीया जनपद बलिया से अपने दोनों बच्चों की शिक्षा–दीक्षा तथा स्वास्थ्य आदि की कोई देखरेख नहीं कर पा रही हूँ।

प्रार्थीया के पति डा0 शिव दत्ता भी सरकारी सेवा में है तथा जनपद सहारनपुर में आर्थोपेडिक सर्जन के पद पर नियुक्त है। जनपद बलिया से जनपद सहारनपुर के बीच की दूरी लगभग 1157 किलोमीटर है। प्रार्थीया तथा प्रार्थीया के पति दोनों को ही वर्ष में केवल 14–14 आकस्मिक अवकाश प्राप्त है। प्रार्थीया के पति का स्थास्थ्य सम्बन्धी सेवा में होने के कारण उन्हें आकस्मिक अवकाश भी आसानी से नहीं मिल पाते है। प्रार्थीया को भी एक वर्ष में 14 आकस्मिक अवकाश ही मिलते है। जनपद बलिया से जनपद सहारनपुर जाने में ही दो दिन का समय लगता है। इस प्रकार आने और जाने में ही 4 दिन का समय लग जाता है। दो बार के आने–जाने में ही प्रार्थीया के 14 आकस्मिक अवकाश खत्म हो जाते है। इस प्रकार जनपद बलिया से जनपद सहारनपुर के बीच की अत्यधिक दूरी होने के कारण प्रार्थीया का वैवाहिक जीवन भी अस्त–व्यस्त हो गया है।

प्रार्थीया स्वयं ह्रदय रोग से ग्रस्त है और अपना उपचार मेदान्ता अस्पताल गुडगॉव तथा मैट्रो अस्पताल मेरठ से ले रही है। प्रार्थीया जनपद बलिया में अकेली रहती है। स्वास्थ्य सम्बन्धी अचानक कोई भी परेशानी होने पर देखभाल करने के लिये तथा चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिये प्रार्थीया के पास कोई नहीं है। प्रार्थीया के पति की नियुक्ति जनपद सहारनपुर में है। जनपद सहारनपुर से जनपद बलिया की दूरी लगभग 1157 किलोमीटर है। जनपद सहारनपुर से जनपद बलिया आने में अत्यधिक समय लगता है। अतः किसी भी विपरीत परिस्थिति में जनपद बलिया से जनपद सहारनपुर की अत्यधिक दूरी होने के कारण प्रार्थीया के पति भी समय से प्रार्थीया के पास नहीं पहुँच सकते।

अतः उपरोक्त समस्त परिस्थितियोवश प्रार्थीया जनपद बलिया से अपना प्रीमच्योर स्थानान्तरण कराने के लिये यह प्रत्यावेदन, माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर रही है।

अतः श्रीमान जी से विन्रम निवेदन है कि प्रार्थीया की परिस्थितियों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए प्रार्थीया का स्थानान्तरण जनपद बलिया से स्थानान्तरण प्रारूप में अंकित किसी भी जनपद में करने के लिये प्रार्थीया का प्रत्यावेदन माननीय न्यायालय के समक्ष रखने की कृपा करें।

आपकी विश्वासपात्र,

दिनांकः– 25.05.2024

(सरला दत्ता) 25/5/24
अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय
बलिया।
ID No.-UP6146

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।

कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय बलिया।

पत्रांक सं० 181/XV दिनांक मई, 28, 2024

महानिबंधक माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद, को अग्रसारित ।

प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय,
बलिया।

20/5/2024

प्रधान न्यायाधीश
परिवार न्यायालय, बलिया